# विकास विभाग

## पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

### पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

—:निविदा सूचना:—

क्र0 43 /विकास/निसू./2022 रायपुर, दिनांक 13/01/2022

//उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु निविदा//

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रताओं से उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डॉक/कोरियर के माध्यम से निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक फर्म विकास विभाग से रू.1000.00 (एक हजार मात्र) की रसीद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट से प्राप्त निविदा प्रपत्र रू.1000.00 का बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम से संलग्न करने पर ही मान्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | — | 08/02/2022 को अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | — | 10/02/2022 को सायं 05:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि | — | 11/02/2022 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | — | कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) |

निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के **Website:-www.prsu.ac.in** पर देखा जा सकता है।

Pandey 13.1.22

कुलसचिव

विकास विभाग
//1पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

| |
|---|
| निविदा प्रपत्र का मूल्य<br>रू.1000/–<br>डी.डी.क्र.........................<br>दिनांक............................ |

निविदा सूचना क्रमांक 43/विकास/निसू./2022 रायपुर, दिनांक 18/01/2022

**उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु आवेदन**

प्रति,

कुलसचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

विषय – उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु निविदा प्रस्तुत करने विषयक।

विषयांतर्गत संबंधित दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा क्र.43/विकास/निसू./2022 रायपुर, दिनांक 18/01/2022 के संबंध में निवेदन है कि मुझे आपके विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई निविदा की समस्त शर्ते मान्य है। अतः उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु मैं अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं आदेश प्राप्त होने के पश्चात् न्यूनतम दिवस के अन्दर आदेशित सम्पूर्ण सामग्री पहुँचाने का कार्य पूर्ण करूंगा। मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई दर विश्वविद्यालय के समस्त नियम एवं शर्तो के अधीन है।

**निविदा प्रपत्र**

क्रमांक

1. फर्म का नाम :........................................................................................
2. फर्म के मालिक का नाम :........................................................................................
3. स्थायी पता :........................................................................................
4. पत्र व्यवहार का पता :........................................................................................
5. मोबाइल नं. :........................................................................................
6. फोन नं. :........................................................................................
7. ई–मेल :........................................................................................
8. जी.एस.टी. नं. :........................................................................................
9. आयकर पेन नं. :........................................................................................

नोट :–(1) एम.एस.एम.ई द्वारा पंजीयन होने पर सरकार/राज्य सरकार एवं अर्द्धशासकीय संस्थानों में लगने वाली अमानत राशि न जमा करने के लिए प्रमाण पत्र (UDYAM) संलग्न करना होगा।

(2) निविदाकार को डिग्री बाक्स एवं डिग्री का रेट पृथक–पृथक देना होगा। जी.एस.टी. अतिरिक्त रहेगा।

मैं घोषणा करता हूं कि फर्म के संबंध में मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण रूप से सही है तथा मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मुझे निविदा की समस्त शर्ते मान्य एवं स्वीकार है। मैनें शर्तो का भली प्रकार अवलोकरन कर लिया है।

दिनांक ............................................

व्यवस्थापक के हस्ताक्षर

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक 43/विकास/निसू./2022 रायपुर, दिनांक 18/01/2022

## उपाधि मुद्रण हेतु निविदा दर प्रपत्र

फर्म का नाम : ..........................................................................................................

उपाधि मुद्रण एंवं उपाधि बॉक्स की दर निम्नानुसार है :–

| क्र. | सामग्री का नाम | दर प्रति नग (रूपये में एवं शब्दों में) | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटराईज्ड उपाधि (जिसमें छात्र का नाम आदि सभी डाटा समाहित रहेंगे) नान टेरियबल A/4 पेपर | | |
| 2 | कम्प्यूटराईज्ड उपाधि फारमेट (जिसमें छात्र का नाम आदि सभी डाटा मुद्रित नहीं रहेगा) नान टेरियबल A/4 पेपर | | |
| 3 | दीक्षांत समारोह या मानद उपाधि | | |
| 4 | केवल उपाधि बॉक्स (पुंगी) या लिफाफा | | |
| 5 | फोल्डर कम्पलीट (डिग्री) | | |

विशेष –

दिनांक –

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..........................................

निविदाकर्ता का नाम ..........................................

फर्म/कम्पनी का नाम ..........................................

पता ..........................................

..........................................

दूरभाष/मो.नं. ..........................................

(सील सहित)

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग



## कार्य विवरण एवं अनिवार्य शर्ते

1. उपाधि नान टेरियवल पेपर 205 माइक्रोन पी.ई.टी. साईज A4 29.5X21 C.M. पेपर सुपर फाइन सफेद।
2. प्रत्येक उपाधि के कागज के साथ विश्वविद्यालय का मोनो अल्ट्रावायलेट के रूप में कागज के मध्य अल्ट्रावायलेट निहित होगा तथा निगेटिव वाटर मार्क अल्ट्राफिमेल गोल्डन कलर से रहेगा।
3. (1) प्रत्येक उपाधि का मोनो हार्डफ्वाइल दो कलर लीफ प्रिन्टिग प्रोसेस से लाल कलर या बताये गये अनुसार से मुद्रित होगा।

   (2) उपाधि टेस्ट कारपेट ब्लू एवं बैनर हार्ड फ्वाइल ब्लू से स्टम्पिंग रहेगी।

   (3) टिंटेड एवं प्रिंटेड मोनो लाइट ब्लू होगा एवं टिन्ट बेस अल्ट्रावाइलेट इंक में रहेगा जो यू.बी. लैम्प पर देखने से गोल्डन, लाल, ब्लू दिखाई देवें। अनुबंध से समय रंगों में परिवर्तन भी किया जा सकता है। टेक्निकल पेज 12 देखें।
4. करेन्सी कोड प्रत्येक उपाधि में सूक्ष्म विधि द्वारा दो स्थानों में मुद्रित करना होगा। करेन्सी कोड मेल/फिमेल प्रिन्ट करना होगा। जो अल्ट्रावाइलेट इंक से मुद्रित रहेगा।
5. उपाधि में छात्र–छात्रा का हिन्दी एवं अंग्रेजी में नाम, श्रेणी, वर्ष तथा विषय पृथक–पृथक नाम के साथ कम्प्यूटर द्वारा मुद्रित करना होगा एवं उपाधि में रोल नम्बर, इनरोलमेन्ट नम्बर तथा उपाधि नम्बर मुद्रण करना होगा। कम्प्यूटर से प्रिन्टिग की गई उपाधि की स्याही नहीं मिटनी चाहिए तथा डिग्री में सील लगाने पर कागज में स्याही नहीं फैलना चाहिए।
6. सभी उपाधियॉ निरोधक केमिकल से निर्मित होंगी, जिससे उपाधि के कलर पर कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए।
7. प्रत्येक उपाधि में वायर कोड एवं क्यू. आर. कोड कम्प्यूटर से मुद्रित होगा, जिसमें छात्र/छात्रा का डाटा, विश्वविद्यालय का डाटा रहेगा जो सर्च करने पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे तथा पृष्ठ भाग पर (यानि पीछे) चेकिंग बाक्स मुद्रित होगा जो कारपेट ब्लू इंक से रहेगा या अनुबंध के समय कलर में परिवर्तन किया जा सकता है। पृष्ठ भाग पर ग्राफिक पट्टी/ओरिजनल होलोग्राफ रहेगा।
8. उपाधि में गोपनीय नम्बर मेल/फिमेल मुद्रित रहेगा जो अल्ट्रावाइलेट से मुद्रित रहेगा।
9. उपाधि के प्रथम पृष्ठ पर करेन्सी कोड का नम्बर रहेगा जिसे उल्टा एवं सीधा माइक्रोलेंस या यू. बी. लैम्प से पढ़ा जा सकता है।
10. एक ही उपाधि में हिन्दी अंग्रेजी दोनो भाषाओं में एक साथ मुद्रण होगा।
11. प्रत्येक उपाधि में थ्री.डी सिल्वर गोल्डन लेयर में समाहित रहेगी जो स्पष्ट तौर पर देखी जा सके, जिसमें विश्वविद्यालयका नाम रहेगा। दो स्थानों पर कोड नम्बर प्रिन्ट रहेगा जो लेयर में ढकी रहेगी।
12. प्रत्येक उपाधि के मध्य में मुद्रित मोनो अल्ट्रावायलेट इंक से मुद्रित रहेगा जिसे यूबी लैम्प मं देखने पर ही गोल्डन कलर ब्लू कलर दिखाई देगा।
13. उपाधि कन्टेनर/फोल्डर बाक्स का नमूना संलग्न करना होगा। उपाधि एवं कन्टेनर बाक्स की संख्या 5000 या इससे कम या ज्यादा या आवश्यकता के अनुसार हो सकती है।
14. सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से 45 दिन के अन्दर मुद्रित सामग्री को विश्वविद्यालय कार्यालय में पहुंचाना होगा। विलम्ब की स्थिति में अमानत राशि जप्त हो जायेगी तथा उपाधियॉ विश्वविद्यालय नहीं लेगा समय अवधि का शपथ पत्र विश्वविद्यालय को देना होगा।

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)



15. उपाधि मुद्रण का 15 वर्षो के प्रमाण पत्र के साथ म.प्र. एवं छ.ग. के किन्ही 5–5 विश्वविद्यालयों में सप्लाई की गई उपाधि मुद्रण का नमूना लगाना होगा। नमूने के अभाव में निविदा आमान्य होगी तथा निविदाकार को नमूने के साथ पेपर पर छापी हुई नमूने की उपाधि बिन्दु क्रमांक 28 को समाहित करते हुये नमूना लगाना अनिवार्य है।

16. नमूना वही लगायें जो मांगा गया है। शर्तो में संलग्न उपाधि के नमूने का कागज अल्ट्रा मार्क, हार्ड स्टेम्पिंग, वायर कोड, थ्रीडी होलो ग्राफ छात्र का नाम सहित काल्पनिक बायोडाटा आदि नमूने में मुद्रित होना चाहिये। ताकि नमूने के आधार पर निविदा पर विचार किया जा सके। उपाधि/डिप्लोमा/बाक्स/फोल्डर का नमूना विश्वविद्यालय के भण्डार में सिर्फ देखा जा सकता है।

17. निविदा मुहरबंद, सीलबंद लिफाफे में कुलसचिव के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर से निविदा में निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाना चाहिये।

18. निविदाकार को कुलसचिव, पं. रविशंकर वि.वि., रायपुर (छ.ग.) के नाम पर अमानत राशि रू.50,000/(पचास हजार) का बैंक ड्राफ्ट निविदा के साथ जमा करना होगा। कार्य पूर्ण होने पर ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा। निविदाकार के पास अगर एम.एस.एम.ई. (MSME) का प्रमाण पत्र है तो उसे अमानत राशि नहीं जमा करना होगा, प्रमाण पत्र लगायें।

19. निविदाकार का 50 लाख से अधिक का टर्न ओव्हर होना चाहिये। आडिट रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा 20,00,000/– बीस लाख का बैंक का साल्वेसी प्रमाण पत्र लगाना होगा।

20. निविदाकार को म.प्र. एवं छ.ग. के शासकीय विश्वविद्यालय से डिग्री मुद्रण का आदेश की छाया प्रति संलग्न करना होगा। (म.प्र. एवं छ.ग. की 5–5)

21. निविदाकार को उपाधि का रेट देना होगा, कम्प्यूटराईज्ड उपाधि जिसमें निविदा में मांगे गये सारे 27 बिन्दुओं का समावेश करते हुये जो (पूर्णत: कम्प्यूटराईज्ड उपाधि होगी) का रेट तथा उपाधि का फारमेट जिसमें छात्र का नाम, विषय, रोल नम्बर, इनरोलमेन्ट नम्बर, सेन्टर नहीं रहेगा का रेट पृथक से देना होगा। लेकिन निविदाकार को उपाधि का बाक्स प्रति नग तथा उपाधि का खाली फारमेट तथा उपाधि बाक्स का प्रथम रेट प्रति नग देना अनिवार्य होगा।

(1) फारमेट जिसमें छात्र का डाटा नहीं होगा लेकिन सभी बिन्दु समाहित होंगे का रेट देना होगा। जिसे फारमेट कहा जायेगा।

(2) कम्प्यूटराईज्ड उपाधि जिसमें छात्र का पूर्ण डाटा रहेगा उसे कम्प्यूटराईज्ड उपाधि कहा जायेगा।

22. निविदा शर्तो के बिन्दुओं मे किसी भी बिन्दु की कमी या दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर निविदा अमान्य मानी जायेगी।

23. 15 वर्षो का डिग्री मुद्रण करने का अनुभव होना अनिवार्य है। प्रमाण अथवा प्रमाण पत्र लगायें।

24. निविदाकार के पास सिर्फ उपाधि मुद्रण का क्यू.एम.एस. (क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम) वर्ष 9001–2015 का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

25. विश्वविद्यालय चाहे तो प्राप्त निविदाओं में से किसी एक या दो पर भी विचार कर सकता है।

26. विश्वविद्यालय उन्हीं निविदाओं पर विचार करने के लिये स्वतंत्र रहेगा जो उपाधि/डिप्लोमा मुद्रण के कार्यो का विगत 15 वर्षो से अनुभव रखता होगा।

27. संस्था का उद्योग कार्यालय से पंजीयन होना अनिवार्य है।

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

28. निविदाकार को उपाधि का, नमूना जैसा चाहा गया है, वैसा ही कम्प्यूटराईज्ड/नान टेरियबल पेपर पर देना होगा।
29. उपाधि में नान टेरियवल 205 माइक्रोन PET A4 29.5X21 सें.मी. पेपर, बार कोड, थ्रीडी होलोग्राफ, हार्ड स्टेम्पिंग बैनर, हार्ड स्टेम्पिंग मोनो कलर में, हार्ड स्टेम्पिंग करेंसी लेयर टिन्ट, अल्ट्रावायलेटिंग से रेड, ब्लू एवं करेंसी कोड, गोल्डन ब्लू मोनो अल्ट्रावायलेटिंग से तीन कलर में छात्र के नाम, श्रेणी, वर्ष, विषय, सेन्टर पृथक–पृथक कलर में रहेंगे। विश्वविद्यालय चाहे तो अनुबंध के समय कलर में परिवर्तन कर सकता है।

नोट तकनीकी पेज क्रमांक 12 का अवलोकन करें।

निविदाकार को कन्टेनर बाक्स/लिफाफा का अलग रेट देना होगा।

(1) कम्प्यूटराईज्ड डिग्री जिसमें समस्त बिन्दु रहेंगे, अलग रेट।

(2) फारमेट जिसमें सभी बिन्दु समाहित रहेंगे, लेकिन छात्र–छात्रा का डाटा नहीं रहेगा, उसका अलग रेट देना होगा।

कुलसचिव

## निविदा के सामान्य नियम एवं शर्ते

1. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक एवं समय पर कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर (छ.ग.) के नाम से विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अथवा बेवसाइट से डाउन लोड किये गये निविदा प्रपत्र में ही पूर्ण रूप से भरी एवं सील बंद निविदा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त होना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समय के बाद निविदा प्राप्त होने में डाक से होने वाले विलम्ब की जावबदेही विश्वविद्यालय की नहीं होगी। जो भी निविदा निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होगी वह नहीं खोली जावेगी तथा मूलतः निविदिकर्ता को नियमानुसार वापस लौटा दी जावेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं होगा।
2. निविदा–प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर सील सहित हस्ताक्षर निविदाकर्ता को करना होगा। निविदाकर्ता को सम्पूर्ण निविदा–प्रपत्र, नियम एवं शर्तों सहित जो कि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया है (नियम एवं शर्तों के प्रत्येक पृष्ठों में सील सहित हस्ताक्षर करते हुए) आवश्यक रूप से जमा करना होगा।
3. फर्म की सशर्त निविदा किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगी।
4. निविदा के साथ निर्धारित अमानत राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव पं. रविशंकर वि.वि., रायपुर (छ.ग.) के नाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। अमानत राशि के बिना जमा की गई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। बैंक ड्राफ्ट के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का चेक या देय राशि मान्य नहीं होगा। निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई अमानत राशि पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।
5. पूर्व में विश्वविद्यालय में किसी अन्य प्रयोजन हेतु जमा राशि या देयक या फिर पूर्व में किसी निविदा के साथ जमा की गई अमानत राशि का समायोजन प्रस्तुत निविदा में नहीं किया जावेगा।
6. गत वर्ष की आयकर विवरणिका, वाणिज्यकर, जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. क्रमांक आदि का उल्लेख/सत्यापित छायाप्रति (जो भी लागू हो) निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
7. यदि निविदा पंजीयन डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से जमा की जाती है, तो ऐसे निविदा को विश्वविद्यालय अस्वीकार कर देगा।
8. निविदा सील्ड लिफाफा पद्धति के अनुसार विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेंगे। इसमें सील्ड लिफाफा 1 एवं 2 बडे लिफाफा क्रमांक–3 में रखकर सील्ड किये जायेंगे। इस बड़े लिफाफे के ऊपर स्वच्छ अक्षरों में उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10/02/2022 समय सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से अंकित किया जायेगा।

(अ) सील्ड लिफाफा क्रमांक–1 इसमें निर्धारित धरोहर राशि MSME एवं संस्थान की वेबसाइट से डाउन लोड किये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य राशि रूपये 1,000/– का बैंक ड्राफ्ट तथा निविदाकर्ता का आवेदन पत्र, निविदा शर्ते, टेक्निकल बिड के साथ वांछित समस्त प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियॉ तथा जहॉ आवश्यक होगा सामग्री का नमूना भी रखा जायेगा। इस लिफाफे के उपर लिफाफा क्रमांक–1 धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र मूल्य तथा आवश्यक अभिलेख अंकित किया जावेगा।

(ब) सील्ड लिफाफा क्रमांक–2 इसमें, कामर्शियल बिड प्रपत्र ब रखा जायेगा। इस लिफाफे के उपर सील्ड लिफाफा कामर्शियल बिड प्रपत्र ब उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु निविदा अंकित किया जावेगा।

सील्ड लिफाफा–1 में निम्नानुसार क्रम में अभिलेख संलग्न किये जायेंगे–

(अ) निविदाकर्ता का आवेदन पत्र।

(ब) निविदा शर्ते, प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर, नाम, सील व दिनांक अंकित रहेगा।

(स) आयकर परमानेंट अकाउंट नं. PAN प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियॉ।

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)



(द) पिछले तीन वित्तीय वर्षों की आडिटेड बैलेंस शीट सहित इनकम टैक्स रिटर्न की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियॉ।

कामर्शियल बिड लिफाफा–2 में : कामर्शियल बिड प्रपत्र व स्वच्छ व साफ सुथरे अक्षरों में भरा हुआ बिना काट–छांट के रहेगा।

निविदा द्वारा प्रस्तुत दर अंकों एवं शब्दों में भरा जायेगा।

क्रमशः सीील्ड लिफाफा 3,1, व 2 खोले जायेंगे। कामर्शियल बिड लिफाफा–2 उन निविदाकर्ताओं का खोला जायेगा जो कि टेक्निकल बिड लिफाफा–1 के खोले जाने पर निविदा शर्ते क्रमांक–4 एवं 8 (अ) के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंक का दोनों ड्राफ्ट तथा निविदा के शर्तो के अनुरूप टेक्निकल रूप से अर्हता पाये जायेंगे।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

कुलसचिव

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)



विश्वविद्यालय की उपाधियों का मुद्रण कराया जाना है। एतद् हेतु इस कार्य में दक्षता रखने वाली फर्म्स/संस्थानों से निर्धारित प्रारूप में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं निविदा भरने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsu.ac.in पर देख सकते है एवं डाउनलोड कर सकते है। संख्या लगभग 5000 पांच हजार या अधिक या कम रहेगी।

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि – 08/02/2022 को अपरान्ह् 03:00 बजे तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 10/02/2022 को सायं 05:00 बजे तक
(केवल रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट/कोरियर)

निविदा खोले जाने की तिथि – 11/02/2022 को अपरान्ह् 03:00 बजे

निविदा खुलने का स्थान – कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## निविदा की शर्ते

1. निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.prsu.ac.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।
2. (ए) निविदाकार लिफाफा ए में उक्त निविदा के लिये अर्नेस्ट मनी रूपये रू.50,000.00 (पचास हजार रूप्ये) का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. (एम.एस.एम.आई.) प्रमाण पत्र तथा निविदा पत्र के लिए रूपये रू.1000/–(एक हजार) (वापसी योग्य नहीं) का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. (अमानत राशि) लिफाफा ए में रखें। दोनों बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव पं. रविशंकर वि.वि., रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में हो तथा एम.एस.एम.आई. प्रमाण पत्र होने पर अमानत राशि जमा नहीं करना होगा।

बी) निविदाकार आई.एस.ओ. 9001–2015 सिर्फ डिग्री मुद्रण के अंतर्गत प्रमाणित होना चाहिए। इसके प्रमाण पत्र की स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति लिफाफा बी में रखे। यह प्रमाण पत्र पूर्व के 2 वर्षो से प्रमाणित होता हो। यह अनिवार्य शर्त है।

सी) यह शर्त निविदा की अनिवार्य है कि निविदाकार द्वारा डिग्री का मुद्रण स्वतः के परिसर में करता होवें अन्य किसी संस्थान से अगर मुद्रण किसी भी वि.वि. की डिग्री मुद्रण अन्य किसी स्थान से मुद्रण कराने का प्रमाण पत्र मिलते है तो अमानत राशि जप्त कर निविदा निरस्त कर काली सूची में डाल दिया जायेगा तथा निविदा निरस्त मानी जायेगी।

3. इसके प्रमाण में संबंधित विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालयों से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र या डिग्री के कम से कम 5–5 आर्डर लगाना हो जिससे प्रमाणित होगा 15 वर्षो से डिग्री मुद्रण का कार्य करते है, स्वयं सत्यापित छायाप्रति लिफाफा बी में रखें।
4. निविदाकार द्वारा किन्ही म.प्र. के 5 एवं छ.ग. के 5 विश्वविद्यालयों में किये गये उपाधि प्रिन्टिग के कार्य आदेश की छायाप्रतियॉ तथा मुद्रित उपाधियों के नमूने लिफाफा "बी" में रखें।
5. (ए) निविदाकार आयकर स्थायी खाता क्रमांक की छायाप्रतियां लिफाफा "बी" में रखें।

(बी) निविदाकार विगत 3 वर्षो (स्वतः द्वारा) के व्यापार एवं लाभ–हानि खाते एवं बैलेंस शीट्स की चार्टड अकाउन्टेन्ट की छायाप्रति/छायाप्रतियॉ लिफाफा "बी" में रखे।

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)



(सी) निविदाकार का विगत 5 वित्त वर्षो में टर्न ओव्हर 50 लाख प्रतिवर्ष सिर्फ डिग्री मुद्रण का कार्य किया है। लिफाफा "बी" में रखे। ऐसे निविदाकार जिन्होंने कभी भी किसी वि.वि. से मिला डिग्री मुद्रण कार्य अन्य किसी संस्थान से मुद्रण कार्य कराया हो तो निविदा में भाग नहीं ले सकेगा।

6) उपाधि मुद्रण के लिए नमूना लगाना अनिवार्य होगा जिसमें ए4 डिग्री के लिये पी.ई.टी. नान टेरियबल 205 माइक्रोन 90% सफेद कागज उपयोग किया जायेगा। यह नमूना लिफाफा "बी" में रखे। नमूना में सभी बिन्दु ओरीजनल मुद्रण कर नमूना लगाये। अन्यथा निविदा अमान्य होगा। डिग्री सिक्योरिटी विवरण देखे। साथ ही पेपर का वाटर मार्क (अल्ट्रावायलेट) नमूना लगाना अनिवार्य है। पेपर ए4 साईज का नमूना सभी बिन्दुओं को समाहित करते हुए लगाना अनिवार्य है।

7) ए4 उपाधि/कागज नमूना एवं प्रिन्टिंग जिसमें उपाधि मुद्रण की जायेगी, शर्तो के अनुसार निविदा के साथ संलग्न करना होगा। इसे लिफाफा "बी" में रखे।

8) स्पेसिफिकेशन –डिग्री (उपाधि) पेपर से संबंधित विस्तृत विवरण निविदा की शर्तो के साथ संलग्न सूची में दिये गये है। सूची में कुल 27 बिन्दु है। निविदाकार उक्त सूची का ध्यानपूर्वक अवलोकन करे। कार्य इस सूची के अनुसार करना होगा। तथा नमूना भी इसी बिन्दुओं को समावेश कर लगाना होगा। अन्यथा निविदा अमान्य मानी जायेगी।

9) स्पेसिफिकेशन–डिग्री लिफाफा से संबंधित नमूना भण्डार कक्ष में देखा जा सकता है। 170 जी.एस.एम. आर्ट पेपर मल्टीकलर लेमिनेशन अन्दर रहेगा/कन्टेनर बाक्स उपलबध नमूना सहित। दोनों नमूना संलग्न करना अनिवार्य है।

10) डिग्री में छात्र–छात्रा का हिन्दी एवं अंग्रेजी में नाम, श्रेणी तथा डिग्री पृथक–पृथक नाम के साथ कम्प्यूटर द्वारा मुद्रित करना होगा एवं डिग्री में रोल नम्बर, इनरोलमेन्ट नम्बर तथा डिग्री नम्बर मुद्रण करना होगा। कम्प्यूटर से प्रिन्टिंग की गई डिग्री की स्याही नहीं मिटनी चाहिए पृष्ठ भाग पर थर्मोक्रोमिक इंक से मोनो प्रिन्टिंग करना अनिवार्य है।

11) (A) पृष्ठ भाग पर थर्मोक्रोमिक इंक से मोनो प्रिन्टिंग करना अनिवार्य है।

12) विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि मुद्रण कार्य कराया जावेगा दोनों पक्षों की सहमति से डिग्री में अन्य गोपनीयता बिन्दु बढ़ाये घटाये जा सकते है।

13) उपाधि मुद्रण 6 कलर में होगा जिसमें विश्वविद्यालय का मोनो हार्ड फ्वाइल स्टेम्पिंग तथा विश्वविद्यालय का बैनर हार्ड फ्वाइल स्टेम्पिंग मोनो तथा करेंसी लेयर हार्ड फ्वाइल से करना होगा। उपाधि के अन्दर टिंट बेस प्रिन्अिंग रहेगी जो अल्ट्रावायलेट इंक से होना चाहिए तथा बैक साइड में कारपेट बलू सिंगल प्रिन्टिंग रहेगी।

14) पृष्ठभाग में ओरीजनल थ्री डी होलोग्राम लगेगा/स्क्रेच सिस्टम रहेगा।

15) प्रत्येक उपाधि में बार कोड का मुद्रण करना (क्यू.आर.) बार कोड में विश्वविद्यालय का डेटा उल्लेखित करना होगा जो सर्च करने पर स्पष्ट कम्प्यूटर पर दिखाई देना चाहिए। होलोग्राम थ्री–डी रहेगा, थ्री–डी में संकेतिक नम्बर प्रिन्ट होना होगा। डिग्री में दो स्थानों पर करेंसी कोड नम्बर प्रिन्ट होगा, जो अल्ट्रावायलेट इंक से मुद्रित रहेगा।

16) थ्री–डी होलोग्राम के पृष्ठ भाग में जो गोपनीय नम्बर प्रिन्ट होगा वह स्क्रेच पद्धति से देखा जा सके, जो डिग्री में प्रिन्ट रहेगा। यह नम्बर एम.बी. गम से रहेगा।

17) उपाधि का मुद्रण आदि कार्य, आदेश दिनांक से 15 दिन के अन्दर पूर्ण कर मुद्रित सामग्री विश्वविद्यालय में पहुंचानी होगी। यह आदेश प्रूफ रीडिंग के दिनांक से मानी जायेगी। अन्यथा आर्डर निरस्त कर अमानत राशि जप्त कर ली जायेगी।

18) प्रत्येक उपाधि सिक्योरिटी व्हाइट लेयर का डाटा हार्ड स्टेम्पिग से प्रिन्टेड रहेगा उक्त लेयर कागज में ही समाहित हो। अल्ट्रावायलेट प्रिन्टिंग डिग्री में लाल/हरी/गोल्डन मुद्रित रहेगी।

19) निविदाकार को समस्त मुद्रित सामग्री विश्वविद्यालय कार्यालय तक स्वयं के व्यय से सम्पूर्ण सुरक्षा एवं संरक्षण के साथ पहुंचाना होगा। परिवहन व्यय/टू–पे/बिल्टी व्यय आदि किसी प्रकार का व्यय भुगतान योग्य नहीं होगा। कार्य की देयक का भुगतान छ.ग. भण्डार क्रय नियम के अनुसार किया जावेगा। किसी भी स्थिति में अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
20) मार्ग में होने वाली किसी भी क्षति, चोरी, लूटपाट, आगजनी, प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाली क्षति/हानि के लिये विश्वविद्यालय न तो उत्तरदायी होगा और न ही प्रतिश्रुत होगा।
21) समस्त मुद्रित उपाधियॉ (डिग्री) लिफाफे आदि निविदा शर्तो में दिये गये स्पेशिफिकेशन के अनुसार नहीं होने पर विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जाएंगे और ऐसी समस्त सामग्री निविदाकार को अपने व्यय से वापस ले जानी होगी।
22) निविदाकार निविदा दर प्रपत्र लिफाफा "सी" में रखकर सील बन्द करें।
23) निविदाकार को यह प्राथमिकता मिलेगी की वह विगत कई वर्षो से इस वि.वि. की गोपनीयता सामग्री का मुद्रण करता आ रहा है।

## निविदा भरने की प्रकिया

लिफाफा "ए"–इसमें निविदा शर्त के अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य तथा अर्नेस्ट मनी तथा अर्नेस्ट मनी न जमा करने का प्रमाण पत्र का एफडीआर बैंक ड्राफ्ट रखकर सील बन्द करें।

लिफाफा "बी"–

निम्नांकित अभिलेख/प्रमाण पत्र रखकर सील बंद करें।

– संबंधित विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालयों से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
– म.प्र.–छत्तीसगढ शासकीय विश्वविद्यालयों में किये गये उपाधि प्रिन्टिंग के कार्य आदेश की छायाप्रतियां तथा मुद्रित उपाधियों के नमूने।
– विगत 3 वर्षो के व्यापार एवं लाभ–हानि खाते एवं बैलेंस शीट्स स्वतः प्रमाणित छायाप्रतियॉ।
– विगत 3 वर्षो में डिग्री मुद्रण में टर्न ओव्हर रूपये 50 लाख (पचास लाख) प्रति वर्ष हो।

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## निविदाकर्ता द्वारा घोषणा पत्र

(निविदाकर्ता कृपया घोषणा पत्र का भली भांति पठन करने के उपरान्त फर्म की सील मुद्रा लगाते हुए अपना स्वयं हस्ताक्षर करे। निविदा के साथ घोषणा पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में निविदा निरस्त की जा सकेगी)

निविदाकर्ता/फर्म यह घोषणा करता है कि संस्थान द्वारा दी गई समस्त विशेष एवम् सामान्य नियम–शर्तों का निविदाकर्ता द्वारा भली भांति पठन कर लिया गया है एवम् समझ लिया गया है। निविदाकर्ता का विश्वविद्यालय की समस्त विशेष एवं सामान्य नियम व शर्तें मान्य है तथा निविदाकर्ता/फर्म पर बंधनकारी हैं। निविदाकर्ता/फर्म ने विश्वविद्यालयों द्वारा निविदा प्रपत्र में दस्तावेजों की प्रमाणित छाया प्रति, वांछित राशि का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न कर दिया है। निविदा में फर्म द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज/जानकारी असत्य नहीं है। फर्म द्वारा प्रस्तुत दर में किसी प्रकार का काट छांट नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा वांछित दस्तावेज, राशि, सामग्री का नमूना संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

मुझे ज्ञात है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा में यदि किसी भी प्रकार की दस्तावेजों/जानकारी में कमी होगी या फर्म द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज/जानकारी असत्य होगी एवं नियत तिथि व समय के पश्चात् यदि मेरी निविदा विश्वविद्यालय को प्राप्त होती है या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के अलावा यदि मैंने निविदा विश्वविद्यालय को प्रेषित की है या विश्वविद्यालय द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध कराये गये समस्त नियम–शर्त, दिशा निर्देशों का यदि मैंने पालन नहीं किया है तो मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा स्वयमेव निरस्त मानी जावे एवम् विश्वविद्यालय का कोई भी निर्णय मुझे मान्य एवं बंधनकारी होगी। विश्वविद्यालय का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।

दिनांक–

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर..................................................................

निविदाकर्ता का नाम.......................................................................

फर्म/कम्पनी का नाम.......................................................................

पता..................................................................................................

दूरभाष/मो.नं. ..................................................................................

(सील सहित)

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## Technical Specification of the Degree

1. Paper should be 205 Micron-Non Tearable PET-90% White Paper (Size A4 or 29.5x21 C.M.)
2. The Paper should be treated in chemical process.
3. Degree printing in 6 colour, 3 colour in 6 part (Banner, Mono Tinted Matter in any language)
4. Code search No. with original Holograph.
5. Degree Mono printing should be Hot Foil leaf printing (ink-less) and foil 10 Micro thick 24 caret German gold.
6. Degree Banner should be hot Foil leaf printing (ink-less) and foil should 10 micro thick 29 caret Red colour are upir lance.
7. Currency code print on degree in two different location and not be usable on naked eye only usable though micro lance.
8. Checking box should be printed onback side of degree.
9. Numbering degree is 2+1+1 formula in ink process and also contain system.
10. Size of the degree must A4 or 29.5x21 C.M. after finishing degree.
11. Computerized student details shall be provide by the University. Such detail shall be printed in the Degree.
12. Computerized "Bar Code" technology cross check security system must be used by the printer for preventing fake degrees. Necessary information shall be provide by the University.
13. Student detail bio-data, Role No., Enrollment No., Degree No., Name, Year, Subjects Divisionand Other information shall be provided by the University for computerized printing of the Degree's.
14. Bar Code printed with all details scratch by your computer.
15. The most popular technology for security system with Bar Code & 3D Hologram and QR code.
16. 3D Hologram scratch system in currency code (MD Gum)
17. Extra Secured Silver Strip layer shall be paste upon left side of the Degree by the printer to check duplicacy.
18. Ultravoilet ink long life printing of Degree.
19. Currency code printing with Ultra voilet ink in golden colour.
20. Not declared 3 Extra security features.
21. Bas 100% Zerox of Printed Degree is not Possible फोटो कापी करने पर कापी क्लियर आना चाहिए।
22. थर्म्रोक्रोमिंग प्रिन्टिंग बैक साईड लोगो रहेगा।
23. Mask 'A' Print-Special Content may be seen only with help of special type of mask.
24. Micro lettering एवं निगेटिव मोनो अदृश्य रहेगा जो रेड अल्ट्रा/गोल्डन अल्ट्रा से मुद्रित रहेगा।
25. प्रथम पृष्ठ पर स्टेप पट्टी रहेगी, जिसमें पृथक–पृथक डाटा रहेगा।
26. डिग्रिया में कुलपति के डिजिटल हस्ताक्षर अल्ट्रा तथा प्रथम पृष्ठ पर स्पष्ट हस्ताक्षर डिजिटल हो सकते हैं।
27. इन सभी बिन्दुओं को समाहित करते हुए ओरिजनल जो सप्लाई किया जाना हैं में हार्ड स्टेम्पिंग, थ्री–डी होलोग्राफ तथा काल्पनिक डिग्री में नाम आदि संलग्न कर नमूना अनिवार्य होना चाहिए। नमूने के अभाव में निविदा अमान्य मानी जायेगी।

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)



## डिग्री प्रिन्टिग के लिये

1. मध्यप्रदेश की 7 एवं छत्तीसगढ़ के 7 वि.वि. की मुद्रित डिग्री आदेश के साथ लगाये।
2. विश्वविद्यालय की नमूना डिग्री जिसमें पृष्ठ 12 के अनुसार 27 बिन्दू समाहित होलोग्राफ, करेन्सी लेयर एवं बैनर हार्ड स्टेम्पिंग का ओरीजनल भी लगाये।
3. यू.बी. अल्ट्रा प्रिन्टिग टिन्टवेश।
4. एम.एस.एम.ई. प्रमाण पत्र।
5. 205 माइक्रोन पी.ई.टी. नान टेरियबल पेपर।
6. 15 वर्षो का सिर्फ डिग्री मुद्रण का अनुभव वि.वि. का डिग्री मुद्रित एवं आदेश लगाये।
7. डिग्री मुद्रण का सिर्फ ISO 9001–2015 का प्रमाण पत्र।
8. कन्टेनर बॉक्स/लिफाफा का नमूना।
9. तीन वर्षो का टर्न ओव्हर प्रमाण पत्र 3 सीबी फार्म लगायें। (आयकर)
10. थर्मोक्रोमिक का प्रिन्टिग का नमूना।
11. डिग्री में मुद्रित सभी गोपनीय बिन्दुओं का अवलोकन कराना होगा तथा 27 गोपनीय बिन्दु बताना होगा।
12. कापी टू कापी एवं ग्राफिक्स डिस्पले करना होगा।
13. करेन्सी कोड एवं थ्री डी होलोग्राम डिस्पले करना होगा।
14. मुद्रित डिग्री का फारमेट वि.वि. के कम्प्यूटर को सपोर्ट करना होगा ताकि वि.वि. स्वतः डिग्री छाप सके।
15. सभी डिग्री में करेंसी नम्बरिंग सिस्टम पद्धति से डिग्री में नम्बरिंग करना होगा। प्रथम पृष्ठ पर कम्प्यूअर से नम्बरिंग करना होगा।
16. डिग्री पेपर PET नान टेरियबल पेपर में किसी भी प्रकार की इंक पैड का इंक लगाने पर पेपर सर्पोट नहीं करना चाहिए। (फैलना नहीं चाहिए)।

कुलसचिव